अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय, श्री साई तारा कॉम्पलेक्स,
आई0ए0एस0 कालोनी, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–801503

प्रेषक,

के0एस0 द्विवेदी, भा0पु0से0,
अध्यक्ष,
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),
बिहार, पटना ।

सेवा में,

वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक,
पटना/नालंदा/भोजपुर/बक्सर/कैमूर/रोहतास/औरंगाबाद/अरवल/जहानाबाद/गया/नवादा/मुजफ्फरपुर/सीतामढ़ी/शिवहर/वैशाली/पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी)/पश्चिमी चम्पारण (बेतिया)/बगहा/गोपालगंज/सिवान/सारण/दरभंगा/कटिहार/पूर्णियाँ/अररिया/किशनगंज/सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/मधुबनी/समस्तीपुर/भागलपुर/शेखपुरा/लखीसराय/बेगूसराय/खगड़िया/जमुई/मुंगेर/बांका/नवगछिया ।

रेल पुलिस अधीक्षक,
पटना/जमालपुर/मुजफ्फरपुर/कटिहार ।

समादेष्टा,
बि0सै0पु0–2, डिहरी/ बि0सै0पु0–3, बोधगया/ बि0सै0पु0–5, पटना/ बि0सै0पु0–6, मुजफ्फरपुर/ बि0सै0पु0–7, कटिहार/ बि0सै0पु0–9, जमालपुर/ बि0सै0पु0–11, जमुई/ बि0सै0पु0–12, सहारसा/ बि0सै0पु0–14, पटना/ बि0सै0पु0–15, बगहा (वाल्मिकीनगर)/महिला सशस्त्र वाहिनी, सासाराम ।

विभागाध्यक्ष,
अपराध अनुसंधान विभाग/विशेष शाखा/वितंतु/बिहार पुलिस अकादमी/परिवहन मुख्यालय (एच0क्यू0आर0टी0), बिहार, पटना ।

प्राचार्य,
सिपाही प्रशिक्षण केन्द्र,
नाथनगर, भागलपुर (सी0टी0एस0) ।

विषय :– **विज्ञापन संख्या–01/2016 के अंतर्गत बिहार पुलिस में 'चालक सिपाही' पद पर अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के योगदान के संबंध में ।**

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रसंग में कहना है कि विज्ञापन संख्या–01/2016 के अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित 'चालक सिपाहियों' से संबंधित सूचना/परीक्षाफल केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना के वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर प्रकाशित की जा चुकी है । चयनित अभ्यर्थियों को योगदान हेतु जिला/इकाई रिक्ति के अनुरूप आवंटित कर दिया गया है ।

संबंधित अभ्यर्थी दिनांक–30.08.2017 से दिनांक–30.09.2017 तक निम्नलिखित अभिलेखों के साथ व्यक्तिगत रूप से पहुँच कर अपना योगदान करेंगे इनके योगदान की व्यवस्था कृपया सुनिश्चित की जाय ।

2. उल्लेखनीय है कि अभ्यर्थियों को चयन–पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है । चयन से संबंधित सूचना/परीक्षाफल देखने के उपरांत अभ्यर्थी संबंधित जिला / रेल जिला के पुलिस अधीक्षक / बिहार सैन्य पुलिस के समादेष्टा तथा अन्य पुलिस इकाइयों के विभागाध्यक्ष के पास नियुक्ति की प्रक्रिया हेतु दिनांक–30.08.2017 से दिनांक–30.09.2017 (योगदान की अंतिम तिथि) के बीच अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों/अभिलेख यथा– ड्राईविंग लाइसेंस, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, जन्म तिथि प्रमाण–पत्र, स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नातीनी होने संबंधी प्रमाण–पत्र, गृहरक्षक, आवासीय, जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए), जाति–सह–क्रीमीलेयर में नहीं आने संबंधी प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए), आदि तथा अपने आवेदन–पत्र के समरुप तीन फोटोग्राफ, वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र (जैसे–मतदाता पहचान–पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड आदि) एवं चयन पर्षद द्वारा जारी ड्राईविंग टेस्ट का प्रवेश–पत्र तथा मूल आवेदन–पत्र के साथ अपना योगदान देंगे ।

3. सभी इकाईयाँ कृपया दिनांक–28 एवं 29.08.2017 को पर्षद कार्यालय से चयनित अभ्यर्थियों से संबंधित विस्तृत अभिलेख विशेष दूत के माध्यम से (एस्कॉट पार्टी के साथ) संकलित कराने का कष्ट करें ।

विश्वासभाजन,

22/8/17

(के0एस0 द्विवेदी)

ज्ञापांक–755/के0च0प0

दिनांक–22/08/2017

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,

श्री साईं तारा कॉम्पलेक्स, आई0ए0एस0 कालोनी,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना– 801503

प्रतिलिपिः–

1. **प्रधान सचिव**, गृह विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया ।
2. **पुलिस महानिदेशक,** बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया ।
3. केन्द्रीय चयन पर्षद के नोटिस बोर्ड पर तथा पर्षद की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ ।

22/8/17

अध्यक्ष,

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना ।